कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

ब्लॉक –3 द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

Email- slqaccg@gmail.com, Website – highereducation.cg.gov.in


क्र. 574/187/आउशि /गु.प्र./2024 नवा रायपुर, दिनांक 23/07/2024

प्रति,

1. **कुलसचिव,**
   **समस्त राजकीय विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़**
2. **प्राचार्य**
   **समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, छत्तीसगढ**

विषयः विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों (शासकीय एवं अशासकीय) में 05 अगस्त 2024 को दीक्षारंभ समारोह आयोजित करने विषयक।

——00——

विषयांतर्गत लेख है कि प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को प्रेषित अकादमिक कैलेण्डर–2024 के अनुसार 01 अगस्त 2024 को संस्थाओं में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था जिसे 01 अगस्त 2024 के स्थान पर 05 अगस्त 2024 को दीक्षारंभ समारोह के रूप में आयोजित किये जाने हेतु निम्नानुसार निर्देश प्रसारित किये जाते है –

दीक्षारंभ समारोह 2024 के आयोजन का उद्देश्य–**"समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए प्रदेश के विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों से सभी को अवगत कराना है।"** यह समारोह समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के परिसर में **दिनांक 05 अगस्त, 2024 को प्रातः 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक** आयोजित किया जायेगा।

2. दीक्षारंभ समारोह हेतु संस्थाओं में निम्नलिखित तैयारियां पूर्व से हीं किया जाना सुनिश्चित करें –

- नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ उनके पालकों, जन–भागीदारी समिति के सदस्यों को समारोह में आमंत्रित करना
- मुख्य अतिथि के रूप में माननीय जनप्रतिनिधि (माननीय मुख्यमंत्री जी/उप मुख्यमंत्री जी/सांसदजी/मंत्रीजी /विधायक/अन्य) को आमंत्रित करना
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से सम्बन्धित सूचनाएँ, बैनर, पोस्टर, रंगोली आदि का संस्था परिसर में प्रदर्शित करना
- कार्यालय, कक्षाएँ, ग्रन्थालय, शौचालय एवं पूर्ण परिसर की समुचित साफ–सफाई रखना
- समुचित बैठक व्यवस्था एवं शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करना

3. दीक्षारंभ समारोह के दिन संचालित किये जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा संलग्न कर प्रेषित है, जिसमें आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा आंशिक संशोधन किया जा सकता है।

यदि संस्था में नव प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या अधिक हो तो **इन्डक्शन प्रोग्राम** को पृथक–पृथक सत्रो में आयोजित करना सुनिश्चित करें।

**(शारदा वर्मा)**
**आयुक्त**
**उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर**

**पृ. क्र. 575/187/आउशि /गु.प्र./2024** **नवा रायपुर, दिनांक 23/07/2024**

**प्रतिलिपिः–**

1. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन को सूचनार्थ।
2. समस्त संभागीय अपर संचालकों एवं अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचनार्थ ।

**आयुक्त**
**उच्च शिक्षा संचालनालय,नवा रायपुर,**

Scanned with OKEN Scanner

## //कार्यक्रम की रूपरेखा//

**11.00 बजे से 12.30 बजे तक –**

1. मान. अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाना
2. राज्य गीत का गायन
3. अतिथियों का स्वागत
4. नवप्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगा कर स्वागत
5. संस्था प्रमुख द्वारा स्वागत भाषण
6. अतिथियों/पालकों का उद्बोधन
7. मान. मुख्य अतिथि का उद्बोधन
8. आभार प्रदर्शन

**12:30 बजे से 01:00 बजे तक** – स्वल्पाहार अवकाश

**01:00 बजे से 04:00 बजे तक** – इंडक्शन प्रोग्राम

1. संस्था के समस्त विभागों एवं शैक्षणिक सुविधाओं से नवप्रवेशित विद्यार्थियों को अवगत कराना।
2. संस्था में उपलब्ध विभिन्न गतिविधियों यथा एन.सी.सी, एन.एस.एस, रेडक्रॉस आदि से नवप्रवेशित विद्यार्थियों को अवगत कराना
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य मुख्य प्रावधान, विशेषताएं एवं लाभ से नवप्रवेशित विद्यार्थियों को अवगत कराना
4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कोर्सेस (डीएससी, डीएसई, जीई, एईसी, वीएसी एवं एसईसी) से वद्यार्थियों को अवगत कराना
5. विद्यार्थियों द्वारा चयन किये जाने वाले कोर्सेस –जेनेरिक इलेक्टिव का समूह तथा वैल्यू अडिशन कोर्स का समूह की व्याख्या किया जाना, ताकि विद्यार्थियों को इच्छाकृत कोर्स चयन करने में सुविधा हो सके
6. क्रेडिट आधारित कोर्सेस, सतत् आतंरिक मूल्यांकन एवं अंत सेमेस्टर परीक्षा से संबंधित प्रावधानों की व्याख्या किया जाना, ताकि विद्यार्थियों समस्त प्रावधानों से भलिभांति अवगत हो सके
7. विद्यार्थियों अथवा पालकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों स्पष्ट उत्तर देते हुए उनको स्पष्ट जानकारी प्रदान किया जाना

——— 000 ———

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय राजकुमार धीरज सिंह, महाविद्यालय
उदयपुर, जिला—सरगुजा (छ.ग.)
यूजीसी से 2 (F) मान्यता , संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध
COLLEGE CODE- 3405 "NAAC द्वारा मूल्यांकित - B ग्रेड " (2.18 CGPA) टेलीफोन नं0— 07774—251272
Website:govtrdscollegeudaipur.in Email ID govtrdscollegeudaipur01@gmail.com

उदयपुर दिनांक 24 / 07 / 2024

# "आदेश"

## / /दीक्षारंभ—समारोह समिति/ /

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के आदेशानुसार 05 / 08 / 2024 को दीक्षारंभ समारोह का आयोजन होना है। आयोजन का समय प्रातः 11.00 बजे से सायं 04 बजे तक होगा। उक्त आयोजन के सफलता पूर्वक संचालन हेतु निम्नलिखित समिति गठित की जाती है—

| क्र. | कार्यभार दायित्व | नाम |
|---|---|---|
| 01 | विद्यार्थी एवं पालक एवं जनभागीदारी सदस्यों के आमंत्रण दायित्व | 01 श्रीमती प्रतिमा कुजूर<br>02 श्री रविशंकर मनहर |
| 02 | मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि आमंत्रण दायित्व | 01 श्री मुकेश कुमार रजक-<br>02 सुश्री दीप्ति सोनी |
| 03 | राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित पोस्स्टर, बैनर, रंगोली व्यवस्था दायित्व | 01 श्री जेवियर टोप्पो<br>02 सुश्री सुमन आर. तिर्की |
| 04 | महाविद्यालय के पूरे परिसर की साफ—सफ़ाई व्यवस्था दायित्व | 01 श्री उमेश ओहदार<br>02 सुश्री सावित्री सिंह |
| 05 | शुद्ध पेयजल आपूर्ति व्यवस्था दायित्व | 01 श्री जे.पी. तिर्की<br>02 श्री तेलगु राम |
| 06 | स्वागत समिति | 01 सुश्री सावित्री सिंह<br>02 सुश्री दीप्ति सोनी |

24/07/24

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय,
उदयपुर, जिला— सरगुजा (छ.ग.)

प्राचार्य
राजकुमार धीरज सिंह
महाविद्यालय—उदयपुर
जिला—सरगुजा(छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय राजकुमार धीरज सिंह, महाविद्यालय
उदयपुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)
यूजीसी से 2 (F) मान्यता , संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध
COLLEGE CODE- 3405 "NAAC द्वारा मूल्यांकित - B ग्रेड " (2.18 CGPA) मो० नं०-9303891866
Website:govtrdscollegeudaipur.in Email ID govtrdscollegeudaipur01@gmail.co

उदयपुर दिनांक, 05/08/2024

# —:दीक्षारंभ समारोह का प्रतिवेदन:—

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर सरगुजा छ.ग. में आज दिनांक 05 अगस्त 2024 को उच्च शिक्षा संचालनालय, छ.ग. शासन के आदेशानुसार दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. वंदना पाण्डेय तथा मुख्यातिथि श्रीमती भोजवन्ती सिंह पैकरा जनपद पंचायत अध्यक्ष उदयपुर द्वारा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संयोजक श्रीमती प्रतिमा कुजूर तथा समस्त अधिकारी कर्मचारीगण एवं नवप्रवेशित छात्र- छात्राओं एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर सुमनार्पण तथा दीप प्रज्जवलन कर वंदन गायन के साथ किया गया। तत्पश्चात् समारोह में उपस्थित समस्त लोगों द्वारा राज्यगीत का गायन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की भूगोल विभाग के अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार रजक के द्वारा किया गया। उन्होंने दीक्षारंभ कार्यक्रम के उद्देश्य से सभी को अवगत कराते हुए कहा की इसका लक्ष्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शिक्षा में हुए इस परिवर्तन तथा नवीन परिवेश के प्रति सहज महसूस कराना तथा उन्हें संस्थान की प्रकृति एवं संस्कृति को सिखाना है इसके साथ ही उन्होने भारतीय संस्कृति के अतीत पर स्मृतिपात करते हुए वैदिक शिक्षा प्रणाली तथा वेदों ऋचाओं की शिक्षा को पीढ़ी –दर – पीढ़ी संरक्षित रखने हेतु श्रुति परंपरा की विलक्षण उपलब्धि पर प्रकाश डाला तथा आधुनिक शिक्षा नीति के विकास क्रम पर भी प्रकाश डालते हुए विकल्प आधारित क्रेडिट के व्यवस्था के महत्व को बताया।

इसके पश्चात् अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा स्वागत गीत गायन के साथ किया गया। तथा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों से परिचित कराया गया। तदोपरांत मुख्य अतिथि तथा स्वयं प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण ने स्व करकमलों से उनका तिलक वंदन एवं आशीर्वचन के साथ स्वागत किया।

Govt.RDS College AISHE C-9880 Udaipur Distt.-Surguja (C.G.)

सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य ने भाषण के माध्यम से अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया, पुनः नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति की विशेषताओं एवं इसकी बहुआयामी प्रकृति से परिचित कराया। पूर्व स्थापित शिक्षा पद्धति की सीमाबद्धता एवं विषय विशिष्टिकरण की जटिलताओं तथा नवीन शिक्षा पद्धति की अंतर्विषयक प्रकृति, लचिलापन, सेमेस्टर प्रणाली, CBCS प्रणाली इत्यादी के विषय की भी उन्हें जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को गुरूकुल शिक्षा पद्धति के अनुरूप गुरूशिष्य सानिध्यताा की बात कही जिससे विद्यार्थी अत्यंत सहज होकर एवं सरलतम रीति से शिक्षा प्राप्त कर स्वयं का शरीरिक, मानसिक, नैतिक तथा आर्थिक विकास प्राप्त करने हेतु सामर्थ्यवान बने।

संस्था प्रमुख के व्यक्त्वयों के पश्चात् मुख्य अतिथि ने उद्‌बोधन दिया, उन्होने छात्र–छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्त्व को बताया तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कठौर परिश्रम करने को कहा। प्राचार्य की कथनों की पुनरोक्ति करते हुए यह भी कहा की गुरूजनों के साथ छात्रों की निकटता एवं मैत्री संबंध ज्ञानार्जन हेतु सर्वोत्तम मार्ग है तथा शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे इस परिवर्तन को गुरूजनों की सहायता से सहजता के साथ आत्मसात करने की बात कही।

NEP प्रभारी श्रीमती प्रतिमा कुजूर के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विषय में सविस्तार जानकारी प्रदान की गई एवं इस सन्दर्भ में छात्र–छात्राओं के संदेह को दूर करने का प्रयत्न भी किया। महाविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के अध्यक्ष श्री रविशंकर मनहर ने PPT के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला। वाणिज्य संकायाध्यक्ष श्री जेवियर टोप्पो ने NEP के मुख्य प्रावधानों को सरलतम रूप में विद्यार्थियों को समझाया। इसके अतिरिक्त सहायक प्राध्यापक सुश्री सावित्री सिंह तथा सुश्री सुमन आर. तिर्की एवं श्री उमेश आहदार जी ने समारोह हेतु साज–सज्जा स्वागत एवं अनुशासन में महत्त्वपूर्ण भुमिका निभाई अंत में आभार प्रदर्शन के साथ प्राचार्य की अनुमति से दीक्षारंभ समारोह का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

Govt.RDS College Udaipur Distt.-Surguja (C.G.) AISHE C-9680

I.Q.A.C.-INCHARGE
Govt.RDS College
Udaipur Distt.-Surguja(C.G)

प्राचार्य
डा.राजकुमार धीरज सिंह
महाविद्यालय–उदयपुर
जिला–सरगुजा(छ.ग.)

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय,
उदयपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)





Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner